**<u>प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (एस.एल.एस.एम.सी.) की बैठक दिनांक 09.01.2023 का कार्यवृत्त।</u>**

उक्त बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. श्री अनिल कुमार-III, सचिव, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. श्री रणवीर प्रसाद, सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. श्री राजेन्द्र पैंसिया, विशेष सचिव, नगर विकास एवं निदेशक, सूडा।
4. श्री अनिल कुमार, विशेष सचिव, नगर विकास एवं नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. श्री राम केवल, विशेष सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. श्री पंकज सक्सेना, विशेष सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. श्री घनश्याम मिश्र, विशेष सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. श्री संजीव गुप्ता, वित्त नियंकत्रक, सूडा, उ0प्र0, लखनऊ।
9. श्री अतुल सिंह चौहान, कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, उ0प्र0, लखनऊ।
10. श्री राम गोपाल, मुख्य पर्यावरण अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।
11. श्री अनूप श्रीवास्तव, सी0टी0सी0पी0, उ0प्र0।

निदेशक, सूडा/मिशन निदेशक, एसएलएनए द्वारा अवगत कराया गया कि SLSMC कि गत बैठक में निर्देश दिये गये थे कि अपात्र पाये गये लाभार्थियो की अपात्रता का साक्ष्य एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्र/विवरण तथा जांच रिपोर्ट आदि को जनपद स्तर पर संरक्षित करना डूडा कार्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा, जिसके क्रम में अभिकरण के पत्रांक-4351/01/29/HFA/2022-23 दिनांक 30.12.2022 से समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 को उपरोक्त के अनुपालन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने हेतु पत्र प्रेषित कर दिया गया है एवं अपात्रता का साक्ष्य एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्र/विवरण तथा जांच रिपोर्ट आदि को जनपद स्तर पर संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है।

SLSMC की विगत बैठक दिनांक 07.11.2022 को हुई थी, जिसमें दिये गये निर्देशों के अनुपालन हेतु जनपदों को अत्यन्त विलम्ब से दिनांक 30.12.2022 को निर्देशित किया गया है। साथ ही 02 माह से अधिक का समय व्यतीय होने के उपरान्त भी जनपद स्तर पर

अपात्रता से सम्बन्धित प्रपत्रों को संरक्षित किये जाने का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। उक्त दोनों बिन्दुओं पर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं सख्त निर्देश दिए गए की भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न की जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि अपात्र पाये गये लाभार्थियो की अपात्रता का साक्ष्य एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्र/विवरण तथा जांच रिपोर्ट आदि को जनपद स्तर पर संरक्षित कराते हुये इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रत्येक दशा में दिनांक 31.01.2023 तक प्राप्त कर लिया जाए एवं कृत कार्यवाही से लिखित रूप में मुख्य सचिव कार्यालय को अवगत कराया जाए।

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत दिनांक 10.09.2021 की बैठक में SLSMC द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में गठित उप-समिति द्वारा दिनांक 06.01.2022 को आहूत बैठक में बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत नवसृजित निकायों/सीमा विस्तारित क्षेत्रों/ऑनलाइन आवेदनों की 44 परियोजनाओं में 17296 आवासों एवं अन्य निकायों की 44 परियोजनाओं में 23543 आवासों हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बी एल सी.) एवं भागीदारी में किफायती आवास (ए.एच.पी.) घटक के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं में केन्द्रांश की आगामी किश्त प्राप्त करने हेतु थर्ड पार्टी क्वालिटी मॉनिटरिंग की रिपोर्ट के सापेक्ष तैयार की गयी Action Taken Report (ATR) का अनुमोदन किया गया।

उप-समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव स्वीकृति हेतु SLSMC के समक्ष प्रस्तुत किये गये, जिस पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरान्त निम्नवत् निर्णय लिये गयेः-

**एजेण्डा-01:-दिनांक 10.09.2021 की बैठक में SLSMC द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में गठित उप-समिति द्वारा दिनांक 06.01.2023 की बैठक में अनुमोदित प्रस्ताव की स्वीकृति पर विचार**

**1.1 प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बी एल सी.) घटक के अन्तर्गत स्वीकृत 116 परियोजनाओं में केन्द्रांश की आगामी किश्त प्राप्त करने हेतु टी0पी0क्यू0एम0 की रिपोर्ट के सापेक्ष तैयार की गयी Action Taken Report (ATR) के अनुमोदन पर विचार।**

एस0एल0एस0एम0सी0 की बैठक दिनांक 10.09.2021 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के अन्तर्गत अनुमोदन हेतु प्रस्तुत ए0टी0आर0 के सम्बन्ध में एस0एल0एस0एम0सी0 द्वारा निर्देश दिये गये थे कि ''जनपद स्तर पर तैनात परियोजना अधिकारी, इ्डा एवं इंजीनियर द्वारा टी0पी0क्यू0एम0 एजेन्सी की आख्या में दर्शायी गयी कमियों का निराकरण कराते हुए संयुक्त निरीक्षण व अनुपालन आख्या प्राप्त कर ली जाये।''

उक्त के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास

निर्माण (बीएलसी) घटक के अन्तर्गत 51वी., 52वी, 53वी सीएसएमसी में स्वीकृत 116 परियोजनाओं में TPQMA की प्रथम विजिट की रिपोर्ट में दर्शायी गयी कमियों का निराकरण करते हुए सम्बन्धित जनपदों के परियोजना अधिकारी डूडा एवं इंजीनियर द्वारा संयुक्त निरीक्षण व अनुपालन आख्या उपलब्ध करायी गयी है। उक्त प्राप्त आख्याओं के अनुसार तैयार की गयी 116 परियोजनाओं की Action Taken Report उप-समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिस पर उप-समिति द्वारा दिनांक 06.01.2023 की बैठक में विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की गयी। विगत बैठक में उप-समिति द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में समस्त टी0 पी0 क्यू0 एम0 एजेन्सी को आवास निरीक्षण के फोटो में निरीक्षण टीम के सदस्यों को सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देश दे दिये गये हैं।

अतः समिति द्वारा विचारोपरान्त टी0 पी0 क्यू0 एम0 रिपोर्ट के सापेक्ष उप-समिति द्वारा अनुमोदित 116 परियोजनाओं की ए0 टी0 आर0 हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**1.2 प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बी एल सी.) घटक के अन्तर्गत 13 जनपदों की 29 परियोजनाओं में 14,072 अपात्रों के अभ्यर्पण/कर्टेलमेंट की स्वीकृति।**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अन्तर्गत 13 जनपदों की 29 परियोजनाओं में 14,072 अपात्रों के करटेलमेन्ट/अभ्यर्पण हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा के हस्ताक्षरोपरान्त डीपीआर प्रेषित की गयी है, जिसमें विभिन्न कारणों से अपात्र पाये गये हैं। वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में स्वीकृत बीएलसी-एन की 28 तथा बीएलसी-ई की 01 कुल 29 परियोजनाओं में 66,352 आवास स्वीकृत हैं, जिसमें 52,280 लाभार्थी पात्र तथा 14,072 अपात्र हैं। करटेलमेन्ट/ अभ्यर्पण के मुख्य कारण निम्नवत् हैं-

| क्र.सं. | अपात्रता के कारण | अपात्रों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अन्य घटक हेतु पात्र लाभार्थी | 53 |
| 2 | भूमि विवाद/भू-स्वामित्व सम्बन्धी वांछित प्रपत्र उपलब्ध न होना | 1069 |
| 3 | अन्य स्थान पर चले जाना | 4580 |
| 4 | योजना के अन्य घटक में लाभान्वित होना | 555 |
| 5 | PMAY(U) की गाइड लाइन के अनुसार अपात्र (निकाय सीमा से बाहर/पक्का आवास/अधिक आय) | 3560 |
| 6 | लाभार्थी की मृत्यु के उपरान्त कोई नॉमिनी न होना | 100 |
| 7 | आवास बनाने के इच्छुक नहीं | 4155 |
| | **कुल योग** | **14072** |

- 4 -

जनपदों से प्राप्त उक्त प्रस्ताव उप-समिति के अनुमोदनोपरान्त समिति के समक्ष प्रस्तुत है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

(धनराशि लाख में)

| घटक | परियोजनाओं की सं0 | स्वीकृत आवास | पात्रों की सं0 | अपात्रों की सं0 | अभ्यर्पण से पूर्व परियोजना लागत | अभ्यर्पण पश्चात् परियोजना लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| BLC(N) | 28 | 66,183 | 52.199 | 13,984 | 2,25,565.300 | 1,78,381.660 |
| BLC(E) | 1 | 169 | 81 | 88 | 428.190 | 205.230 |
| **Total** | 29 | 66,352 | 52,280 | 14,072 | 2,25,993.490 | 1,78,586.890 |

| S. No. | District | No of Project | Sanctioned DU's | Patra | Apatra | Old Project Cost | New Project Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **BLC-N** | | | | | | |
| 1 | Auraiya | 1 | 493 | 285 | 208 | 1,654.990 | 956.740 |
| 2 | Azamgarh | 2 | 1,331 | 1,105 | 226 | 4,472.160 | 3,712.800 |
| 3 | Balrampur | 2 | 346 | 273 | 73 | 1,314.800 | 1,037.400 |
| 4 | Basti | 2 | 451 | 406 | 45 | 1,713.800 | 1,542.800 |
| 5 | Fatehpur | 4 | 884 | 743 | 141 | 2,967.560 | 2,494.240 |
| 6 | Firozabad | 4 | 28,526 | 22,233 | 6,293 | 95,847.360 | 74,702.880 |
| 7 | Jhansi | 2 | 1,484 | 1,403 | 81 | 5,651.470 | 5,343.010 |
| 8 | Maharajganj | 2 | 3,617 | 3,449 | 168 | 13,744.600 | 13,106.200 |
| 9 | Mau | 2 | 6,122 | 4,488 | 1,634 | 20,569.920 | 15,079.680 |
| 10 | Pratapgarh | 2 | 2,092 | 1,837 | 255 | 7,022.790 | 6,166.770 |
| 11 | Siddhartnagar | 1 | 1,371 | 1,274 | 97 | 5,209.800 | 4,841.200 |
| 12 | Unnao | 3 | 3,218 | 1,368 | 1,850 | 10,802.770 | 4,592.340 |
| 13 | Vararanasi | 1 | 16,248 | 13,335 | 2,913 | 54,593.280 | 44,805.600 |
| | **BLC-N Total** | 28 | 66,183 | 52,199 | 13,984 | 2,25,565.300 | 1,78,381.660 |
| | **BLC-E** | | | | | | |
| 1 | Fatehpur | 1 | 169 | 81 | 88 | 428.190 | 205.230 |
| | **BLC-E Total** | 1 | 169 | 81 | 88 | 428.190 | 205.230 |
| **Grand Total BLC-N+E** | | 29 | 66,352 | 52,280 | 14,072 | 2,25,993.490 | 1,78,586.890 |

उप-समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि गत बैठकों में भी अपात्रता के कारणों का गहन परीक्षण करने के निर्देश दिये गये थे, चूंकि किसी भी लाभार्थी के पूर्व में योजनान्तर्गत पात्र होने के उपरान्त अपात्र घोषित किये जाने में भ्रष्टाचार एवं सम्बन्धित कन्सलटेन्ट की संलिप्तता परिलक्षित होती है।

उक्त के आलोक में उप-समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रस्तुत की गयी करटेलमेन्ट डीपीआर में से अधिकतम करटेलमेन्ट वाले जनपदों से प्राप्त प्रस्ताव में 03 कारणों यथा-(1) अन्य स्थान पर चले जाना (2) PMAY(U) की गाइड लाइन के अनुसार अपात्र (निकाय सीमा से बाहर/पक्का आवास/अधिक आय) (3) आवास बनाने के इच्छुक नहीं, से अपात्र होने वाले लाभार्थियों की रैण्डम जांच मुख्यालय स्तर से करायी जाये। जांच उपरान्त जनपद द्वारा उपलब्ध करायी गयी करटेलमेन्ट डीपीआर में भिन्नता पाये जाने की दशा में सम्बन्धित कन्सलटेन्ट/जांचकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाये।

उप-समिति द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में अधिकतम अपात्रों वाले 04 जनपदों में उक्त तीन कारणों से अपात्र किये गये लाभार्थियों की रैण्डम जांच मुख्यालय स्तर से करायी गयी, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र.सं. | जनपद का नाम | रैण्डम निरीक्षण किये गये आवासों की सं0 | | | | निष्कर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अन्य स्थान पर चले जाना | PMAY(U) की गाइड लाइन के अनुसार अपात्र | आवास बनाने के इच्छुक नहीं | कुल | |
| 1 | फिरोजाबाद | 05 | 07 | 19 | 31 | करटेलमेन्ट डीपीआर में दर्शाये गये अपात्रता के कारण सही पाये गये। |
| 2 | मऊ | 05 | 11 | 07 | 23 | |
| 3 | उन्नाव | 05 | 11 | 09 | 25 | |
| 4 | वाराणसी | 10 | 14 | 10 | 34 | |
| | योग | 25 | 43 | 45 | 113 | |

सभी जांच आख्याओं के अनुसार रैण्डम चयनित लाभार्थियो के करटेलमेन्ट डीपीआर में दर्शाये गये अपात्रता के कारण सही पाये गये।

अतः समिति द्वारा विचारोपरान्त उपरोक्त 29 परियोजनाओं में 14072 अपात्रों के करटेलमेन्ट/ अभ्यपर्ण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही निर्देश दिये गये कि बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत फ्रीज किये गये 1471010 आवासों के सापेक्ष शेष आवासों की स्वीकृति प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

**1.3 प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) घटक के अन्तर्गत 18 जनपदों की नव सृजित निकायों एवं सीमा विस्तारित क्षेत्रों से 44 परियोजनाओं में 17,296 आवासों के निर्माण हेतु डी0पी0आर0 की स्वीकृति।**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) घटक के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, इडा के हस्ताक्षरोपरान्त बी0एल0सी0-एन घटक के

अन्तर्गत 18 जनपदों की नव सृजित निकायों एवं सीमा विस्तारित क्षेत्रों से कुल 44 परियोजनाओं में 17,296 आवासों की डी0 पी0 आर0 प्राप्त हुई है। डीपीआर तैयार करने से पूर्व समस्त लाभार्थियों का सत्यापन शासनादेश सं0-568/69-1-2019 दिनांक 01 जुलाई, 2019 के बिन्दु सं0-04 के अनुसार करा लिया गया है, जिसका प्रमाण सम्बन्धित जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा द्वारा उपलब्ध कराया गया है। साथ ही नव सृजित निकाय एवं सीमा विस्तारित क्षेत्रों की डीपीआर हेतु सम्बन्धित जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा से इस आशय का प्रमाण पत्र लिया गया है कि डीपीआर में केवल नव सृजित निकायों एवं सीमा विस्तारित क्षेत्रों में निवासित लाभार्थी ही सम्मिलित हैं तथा सम्बन्धित कन्सलटेन्ट द्वारा समस्त आवेदन पत्रों का वैलिडेशन कर लिया गया है।

उपरोक्त प्रस्तावों का परीक्षण राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति (SLAC) द्वारा करते हुए समिति के समक्ष स्वीकृति/विचारार्थ प्रस्तुत किये जाने की संस्तुति की गयी है। उपरोक्तानुसार प्राप्त प्रस्तावों का विवरण निम्नवत् है:-

(Amt. In lacs)

| क्र0 सं0 | डी0 पी0 आर0 का प्रकार | प्रस्तावित नए आवास | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | कुल परियोजना लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नव सृजित निकायों की डीपीआर | 7840 | 11,760.000 | 7,840.000 | 8,340.640 | 27,940.640 |
| 2 | सीमा विस्तारित क्षेत्र एवं आनलाईन आवेदनों की डीपीआर | 9,348 | 14,022.000 | 9,348.000 | 10,268.851 | 33,638.851 |
| 3 | विशेष परिस्थितियों के कारण पुरानी निकायों की डीपीआर | 108 | 162.000 | 108.000 | 94.360 | 364.360 |
| | **Grand Total** | 17,296 | 25,944.000 | 17,296.000 | 18,703.851 | 61,943.851 |

| नव सृजित निकायों की डी0 पी0 आर0 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निकाय का नाम | प्रस्तावित नए आवास | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | कुल परियोजना लागत | भूकंपीय क्षेत्र (एजेण्डानुसार) | वास्तविक भूकंपीय क्षेत्र/ BCS |
| 1 | Ayodhya | Kumarganj NP | 678 | 1,017.000 | 678.000 | 581.030 | 2,276.030 | 3 | 3 |
| 2 | Ayodhya | Suchitaganj | 577 | 865.500 | 577.000 | 494.480 | 1,936.980 | 3 | 3 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | NP | | | | | | | |
| 3 | Chitrakoot | Mau NP | 902 | 1,353.000 | 902.000 | 775.720 | 3,030.720 | 3 | 2 |
| 4 | Deoria | Baitalpur NP | 278 | 417.000 | 278.000 | 361.400 | 1,056.400 | 4 | 4&3 |
| 5 | Deoria | Tarkulwa NP | 268 | 402.000 | 268.000 | 348.400 | 1,018.400 | 4 | 4&3 |
| 6 | Deoria | Pathardeva NP | 345 | 517.500 | 345.000 | 448.500 | 1,311.000 | 4 | 4&3 |
| 7 | Deoria | Bhaluani NP | 125 | 187.500 | 125.000 | 162.500 | 475.000 | 4 | 4&3 |
| 8 | Deoria | Hetimpur NP | 150 | 225.000 | 150.000 | 195.000 | 570.000 | 4 | 4&3 |
| 9 | Etah | Mirhechi NP | 622 | 933.000 | 622.000 | 808.600 | 2,363.600 | 4 | 3 |
| 10 | Gorakhpur | Campierganj NP | 637 | 955.500 | 637.000 | 833.370 | 2,425.870 | 4 | 4&3 |
| 11 | Kanpur Dehat | Rajpur NP | 684 | 1,026.000 | 684.000 | 586.170 | 2,296.170 | 3 | 2&3 |
| 12 | Kanpur Dehat | Raniya NP | 657 | 985.500 | 657.000 | 563.040 | 2,205.540 | 3 | 2&3 |
| 13 | Lucknow | Banthra NP | 699 | 1,048.500 | 699.000 | 599.030 | 2,346.530 | 3 | 3 |
| 14 | Shahjahanpur | Kalan NP | 547 | 820.500 | 547.000 | 711.100 | 2,078.600 | 4 | 4&3 |
| 15 | Sonbhadra | Dalabazar NP | 323 | 484.500 | 323.000 | 419.900 | 1,227.400 | 4 | 3 |
| 16 | Sonbhadra | Anpara NP | 348 | 522.000 | 348.000 | 452.400 | 1,322.400 | 4 | 3 |
| **Total (A)** | | | 7840 | 11,760.000 | 7,840.000 | 8,340.640 | 27,940.640 | | |

उक्त तालिका के अनुसार जनपद देवरिया की न0पं0 भलुआनी में 125 आवास एवं न0पं0 हेतिमपुर में 150 आवास प्रस्तावित है, जोकि 250 से कम है। इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि उक्त नगर पंचायतों के नवसृजित एवं छोटी होने के कारण यहाँ प्रस्तावित आवासों की संख्या 250 से कम है। इसके अतिरिक्त सभी निकायों में पूर्व में स्वीकृत एवं वर्तमान में प्रस्तावित आवासों को सम्मिलित कर कुल स्वीकृत आवासों की संख्या 250 या उससे अधिक है।

उक्त सभी परियोजनाओं में भूकम्पीय क्षेत्र के सम्बन्ध में परीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि जनपद-देवरिया, एटा, गोरखपुर, कानपुर देहात, शाहजहांपुर व सोनभद्र की डीपीआर में दर्शाये गये भूकंपीय क्षेत्र वास्तविक भूकंपीय क्षेत्र से भिन्न हैं। उल्लेखनीय है कि योजनान्तर्गत भूकंपीय क्षेत्र 2 व 3 में निर्मित होने वाले आवासों की लागत मूल्य (costing value) समान है तथा जोन-4 व Black Cotton Soil वाले क्षेत्रों में निर्मित होने वाले आवासों की लागत मूल्य समान है। उक्त के दृष्टिगत भिन्नता वाले जनपदों में से जनपद एटा

एवं जनपद सोनभद्र की परियोजनाओं की डी0 पी0 आर 0 में भूकम्पीय क्षेत्र गलत दर्शाये जाने के कारण परियोजना लागत में अन्तर पाया गया है, **जिस पर समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि ऐसे सभी प्रकरणों में जहां भूकम्पीय क्षेत्र गलत दर्शाये गये हैं, उन सभी परियोजनाओं के सम्बन्धित डी0 पी0 आर 0 कन्सलटेन्ट के विरुद्ध कार्यवाही की जायं। साथ ही ऐसे प्रकरण, जिनमें भूकंपीय क्षेत्र गलत होने के कारण परियोजना की लागत में कोई अन्तर आता है, तो सम्बनिधत डी0 पी0 आर 0 कन्सलटेन्ट के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये।**

(Source:https://www.researchgate.net/publication/265337167_Uttar_Pradesh_State_Disaster_Management_Plan_for_ Earthquake ; https://hamirpuronline.blogspot.com/2015/04/soil-types-in-hamirpur.html?m=1)

**सीमा विस्तारित क्षेत्र एवं ऑनलाईन आवेदनों की डी0 पी0 आर 0**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निकाय का नाम | पूर्व में स्वीकृत आवास | विस्तारित क्षेत्र | ऑनलाईन | प्रस्तावित नए आवास | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | कुल परियोजना लागत | भूकंपीय क्षेत्र (एजेण्डानुसार) | वास्तविक भूकंपीय क्षेत्र/ BCS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ambedkar Nagar | Tanda NPP | 3,679 | | 231 | 231 | 346.500 | 231.000 | 197.960 | 775.460 | 3 | 3 |
| 2 | Deoria | Bhatni Bazar NP | 534 | | 1 | 1 | 1.500 | 1.000 | 1.300 | 3.800 | 4 | 3&4 |
| 3 | Deoria | Deoria NPP | 3,971 | 104 | | 104 | 156.000 | 104.000 | 135.200 | 395.200 | 4 | 3&4 |
| 4 | Etah | Marehra NPP | 1,027 | 481 | | 481 | 721.500 | 481.000 | 625.300 | 1,827.800 | 4 | 3 |
| 5 | Gorakhpur | Gorakhpur NN | 19,978 | 2,006 | 360 | 2,366 | 3,549.000 | 2,366.000 | 3,095.370 | 9,010.370 | 4 | 3&4 |
| 6 | Gorakhpur | Mundera Bazar NP | 779 | 345 | | 345 | 517.500 | 345.000 | 451.350 | 1,313.850 | 4 | 3&4 |
| 7 | Gorakhpur | Pipiganj NP | 1,159 | 482 | | 482 | 723.000 | 482.000 | 630.590 | 1,835.590 | 4 | 3&4 |
| 8 | Gorakhpur | Pipraich NP | 1,447 | 339 | | 339 | 508.500 | 339.000 | 443.500 | 1,291.000 | 4 | 3&4 |
| 9 | Hamirpur | Hamirpur NPP | 2,247 | | 82 | 82 | 123.000 | 82.000 | 106.600 | 311.600 | 4 | 2(BCS) |
| 10 | Hamirpur | Kurara NP | 1,351 | | 53 | 53 | 79.500 | 53.000 | 68.900 | 201.400 | 4 | 2(BCS) |
| 11 | Hamirpur | Maudaha NPP | 1,601 | | 12 | 12 | 18.000 | 12.000 | 15.600 | 45.600 | 4 | 2(BCS) |
| 12 | Hamirpur | Rath NPP | 1,329 | | 25 | 25 | 37.500 | 25.000 | 32.500 | 95.000 | 4 | 2(BCS) |
| 13 | Hamirpur | Sumerpur NP | 1,549 | | 40 | 40 | 60.000 | 40.000 | 52.000 | 152.000 | 4 | 2(BCS) |
| 14 | Kanpur Dehat | Pukhrayan NP | 947 | 1,090 | | 1,090 | 1,635.000 | 1,090.000 | 934.110 | 3,659.110 | 3 | 2&3 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Kaushambi | Manjhanpur NP | 1,703 | 1,210 | | 1,210 | 1,815.000 | 1,210.000 | 1,036.950 | 4,061.950 | 3 | 2 |
| 16 | Lakhimpur Kheri | Dhaurehra NP | 3,402 | 429 | | 429 | 643.500 | 429.000 | 367.640 | 1,440.140 | 3 | 3&4 |
| 17 | Lakhimpur Kheri | Gola Gokaran Nath NPP | 2,130 | | 37 | 37 | 55.500 | 37.000 | 31.710 | 124.210 | 3 | 3&4 |
| 18 | Lakhimpur Kheri | Kheri NP | 2,742 | | 62 | 62 | 93.000 | 62.000 | 53.131 | 208.131 | 3 | 3&4 |
| 19 | Lakhimpur Kheri | Paliyan kalan NPP | 2,468 | | 352 | 352 | 528.000 | 352.000 | 460.510 | 1,340.510 | 4 | 3&4 |
| 20 | Pratapgarh | Antu NP | 726 | | 1 | 1 | 1.500 | 1.000 | 0.860 | 3.360 | 3 | 2&3 |
| 21 | Pratapgarh | Kunda NP | 1,259 | | 3 | 3 | 4.500 | 3.000 | 2.570 | 10.070 | 3 | 2&3 |
| 22 | Pratapgarh | Raniganj NP | 3,320 | | 7 | 7 | 10.500 | 7.000 | 6.000 | 23.500 | 3 | 2&3 |
| 23 | Pratapgarh | Suvansa NP | 1,010 | | 1 | 1 | 1.500 | 1.000 | 0.860 | 3.360 | 3 | 2&3 |
| 24 | Prayagraj | Prayagraj NN | 1,261 | 978 | | 978 | 1,467.000 | 978.000 | 838.120 | 3,283.120 | 3 | 2&3 |
| 25 | Siddharth Nagar | Siddharth Nagar NPP | 1,711 | 340 | | 340 | 510.000 | 340.000 | 442.000 | 1,292.000 | 4 | 4 |
| 26 | Varanasi | Varanasi NN | 31,690 | | 277 | 277 | 415.500 | 277.000 | 238.220 | 930.720 | 3 | 3 |
| **Total (B)** | | | | 7,804 | 1,544 | 9,348 | 14,022.000 | 9,348.000 | 10,268.850 | 33,638.850 | | |

उक्त तालिका में उल्लेखित समस्त परियोजनाओं की निकायों में पूर्व में स्वीकृत आवासों एवं वर्तमान में प्रस्तावित आवासों को सम्मिलित करने के उपरान्त सभी सम्बन्धित निकायों में कुल स्वीकृत आवासों की संख्या 250 से अधिक है।

उक्त सभी परियोजनाओं में भूकम्पीय क्षेत्र के सम्बन्ध में परीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि जनपद-देवरिया, एटा, गोरखपुर, हमीरपुर, कानपुर देहात, कौशाम्बी, लखीमपुर खीरी व प्रतापगढ की डीपीआर में दर्शाये गये भूकंपीय क्षेत्र वास्तविक भूकंपीय क्षेत्र से भिन्न हैं। उल्लेखनीय है कि योजनान्तर्गत भूकंपीय क्षेत्र 2 व 3 में निर्मित होने वाले आवासों की लागत मूल्य (costing value) समान है तथा जोन-4 व Black Cotton Soil वाले क्षेत्रों में निर्मित होने वाले आवासों की लागत मूल्य समान है। उक्त के दृष्टिगत भिन्नता वाले जनपदों में से जनपद एटा की परियोजनाओं की डी0 पी0 आर0 में भूकम्पीय क्षेत्र गलत दर्शाये जाने के कारण परियोजना लागत में अन्तर पाया गया है, **जिस पर समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि ऐसे सभी प्रकरणों में जहां भूकम्पीय क्षेत्र गलत दर्शाये गये हैं, उन सभी परियोजनाओं के सम्बन्धित डी0 पी0 आर0 कन्सलटेन्ट के विरूद्ध कार्यवाही की जायं। साथ ही ऐसे प्रकरण, जिनमें भूकंपीय क्षेत्र गलत होने के कारण परियोजना की लागत में कोई अन्तर**

आता है, तो सम्बनिधत डी0पी0आर0 कन्सलटेन्ट के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये।

(Source:https://www.researchgate.net/publication/265337167_Uttar_Pradesh_State_Disaster_Management_Plan_for_Earthquake;https://hamirpuronline.blogspot.com/2015/04/soil-types-in-hamirpur.html?m=1)

विशेष परिस्थितियों के कारण पुरानी निकायों की डी0पी0आर0

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निकाय का नाम | पूर्व में स्वीकृत आवास | प्रस्तावित नए आवास | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | कुल परियोजना लागत | भूकंपीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ayodhya | Ayodhya NN | 10,298 | 104 | 156.000 | 104.000 | 89.130 | 349.130 | 3 |
| 2 | Meerut | Meerut NN | 16,326 | 4 | 6.000 | 4.000 | 5.230 | 15.230 | 4 |
| **Total (C)** | | | | 108 | 162.000 | 108.000 | 94.360 | 364.360 | |
| **Grand Total (A+B+C)** | | | | 17,296 | 25,944.000 | 17,296.000 | 18,703.851 | 61,943.851 | |

विशेष परिस्थितियों वाली उक्त 02 परियोजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि अयोध्या नगर निगम में हवाई पट्टी विस्तारीकरण से प्रभावित परिवारों के पुर्नवास हेतु जिला प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराते हुये इन परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर योजनान्तर्गत आवास निर्माण का लाभ दिलाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया था, जिसके क्रम में डी0पी0आर0 तैयार कर प्रस्तुत की गयी है। मेरठ नगर निगम में एक दुर्घटना में घर गिर जाने के कारण एक सदस्य की मृत्यु एवं शेष लोगों के बेघर हो जाने एवं खुले में रहने के दृष्टिगत 04 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार कर प्रस्तुत की गयी है। नगर निगम अयोध्या एवं मेरठ दोनों में पूर्व में स्वीकृत एवं वर्तमान में प्रस्तावित आवासों को सम्मिलित करने के उपरान्त सभी सम्बन्धित निकायों में कुल स्वीकृत आवासों की संख्या 250 से अधिक है। साथ ही उक्त दोनों परियोजनाओं में भूकम्पीय क्षेत्र के सम्बन्ध में परीक्षण किया गया, जो सही पाये गये।

(Source:https://www.researchgate.net/publication/265337167_Uttar_Pradesh_State_Disaster_Management_Plan_for_Earthquake;https://hamirpuronline.blogspot.com/2015/04/soil-types-in-hamirpur.html?m=1)

उक्त परियोजनाओं की कुल लागत रू0 61,943.851 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रू0 25,944.00 लाख, राज्यांश रू0 17,296.00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रू0 18,703.851 लाख है।

उपरोक्तानुसार नवसृजित निकायों/सीमा विस्तारित क्षेत्रों कुल 17,296 आवासों की डीपीआर SLSMC के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु उप-समिति द्वारा दिनांक 06.01.2023 की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही निर्देश दिये गये कि अधिकतम संख्या वाली परियोजनाओं

की डीपीआर के लाभार्थियों की पात्रता की रैण्डम जांच सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, इडा से कराते हुए फोटोग्राफ सहित आख्या के साथ एसएलएसएमसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

उप-समिति द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में नवसृजित निकायों/सीमा विस्तारित क्षेत्रों की अधिकतम संख्या वाली 06 परियोजनाओं में लाभार्थियों की पात्रता की रैण्डम जांच सम्बन्धित परियोजना अधिकारी एवं सी0 एल0 टी0 सी0 इंजीनियर से करायी गयी है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | जनपद | निकाय | प्रस्तावित आवास | रैण्डम निरीक्षण किये गये आवास | आख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोरखपुर | न0 नि0 गोरखपुर | 2366 | 20 | सभी आवेदक पात्र पाए गए। |
| 2 | कौशाम्बी | न0 पं0 मंझनपुर | 1210 | 50 | सभी आवेदक पात्र पाए गए। |
| 3 | कानपुर देहात | न0 पं0 पुखरायां | 1090 | 50 | सभी आवेदक पात्र पाए गए। |
| 4 | प्रयागराज | न0 नि0 प्रयागराज | 978 | 13 | सभी आवेदक पात्र पाए गए। |
| 5 | चित्रकूट | न0 पं0 मऊ | 902 | 78 | सभी आवेदक पात्र पाए गए। |
| 6 | लखनऊ | न0 पं0 बन्थरा | 699 | 70 | सभी आवेदक पात्र पाए गए। |

प्राप्त जांच आख्याओं के अनुसार रैण्डम जांच में सभी आवेदक पात्र पाये गये हैं।

अतः समिति द्वारा विचारोपरान्त 44 परियोजनाओं में 17,296 नये आवासों हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**1.4 प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) घटक के अन्तर्गत नव सृजित निकायों/सीमा विस्तारित क्षेत्रों एवं आनलाईन आवेदनों से इतर 18 जनपदों की 44 परियोजनाओं में 23,543 आवासों के निर्माण हेतु डी0 पी0 आर0 की स्वीकृति।**

अवगत कराना है कि दिनांक 29.10.2021 को उप-समिति की बैठक में योजनान्तर्गत 87,415 नए आवासों की डीपीआर प्रस्तुत की गयी थी, जिसमें से बी0 एल0 सी0 (नया) घटक की 73,140 आवासों की डीपीआर की स्वीकृति समिति द्वारा निम्नानुसार प्रदान की गयीः-

(i) 13 नवसृजित निकायों में 15,542 आवासों की डीपीआर

(ii) 14 सीमा विस्तारित निकायों में 38,057 आवासों की डीपीआर

(iii) HFA Achieved हेतु चयनित 28 निकायों में 12,349 आवासों की डीपीआर

(iv) 20 अन्य निकायों में 7,192 आवासों की डीपीआर

तत्पश्चात दिनांक 23.04.2022 को उप-समिति की बैठक में उक्त 87,415 में से अवशेष 14,275 आवासों की डीपीआर हेतु शासनादेश सं0-568 दिनांक 01.07.2019 के बिन्दु सं0-04 के अनुसार सभी लाभार्थियों की जांच किये जाने से सम्बन्धित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध सम्बन्धित जिलाधिकारी से किया गया था, जिसके क्रम में 12,309 आवासों की परियोजना हेतु प्रमाण पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें बी0एल0सी0-एन में 11,576 आवास व बी0एल0सी0-ई में 933 आवास सम्मिलित थे। उक्त के अतिरिक्त बी0एल0सी0-एन के अन्तर्गत 67 अन्य परियोजनाओं में 46,394 आवास तथा बी0एल0सी0-ई के अन्तर्गत 03 अन्य परियोजनाओं में 1,304 आवासों कुल 70 परियोजनाओं में 47,698 आवासों की डी0पी0आर0 को स्वीकृति हेतु दिनांक 23.04.2022 को उप-समिति की बैठक में प्रस्तुत की गई थी। इस प्रकार कुल 86 परियोजनाओं में 60,007 आवासों की डी0पी0आर0 बैठक में प्रस्तुत की गई थी। उप-समिति द्वारा बी0एल0सी0-ई की पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं में अपात्रों की संख्या अत्याधिक होने के कारण बी0एल0सी0-ई की 07 परियोजनाओं में 2,237 आवासों को छोड़ते हुए बी0एल0सी0-एन की 79 परियोजनाओं में 57,770 आवासों हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

साथ ही भविष्य में नए आवासों की डीपीआर स्वीकृति के सम्बन्ध में निम्न निर्देश दिये गये:-

1. बी0एल0सी0-ई घटक के अन्तर्गत पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं में अत्याधिक मात्रा में लाभार्थियों के अपात्र होने के दृष्टिगत् नई डीपीआर न ली जाये।
2. जनपद फिरोजाबाद एवं संत कबीर नगर में जनसंख्या के अनुपात में अत्यधिक आवासों की स्वीकृति के दृष्टिगत् भविष्य में कोई नई डीपीआर न ली जाये।
3. करटेलमेन्ट/अभ्यर्पण के सापेक्ष नए आवासों की स्वीकृति हेतु नवसृजित नगर निकायों एवं वर्तमान नगर निकायों के सीमा विस्तारित क्षेत्रों से प्राथमिकता के आधार पर डीपीआर प्राप्त की जाय।

अवगत कराना है कि दिनांक 23.04.2022 को उप-समिति की बैठक में प्रदत्त निर्देशों के क्रम में गत एस0एल0एस0एम0सी0 बैठक दिनांक 07.11.2022 में योजनान्तर्गत करटेलमेन्ट/अभ्यर्पण के सापेक्ष नए आवासों की स्वीकृति हेतु केवल नवसृजित नगर निकायों एवं वर्तमान नगर निकायों के सीमा विस्तारित क्षेत्रों तथा ऑन लाइन माध्यम से प्राप्त आवेदन-पत्रों की ही डी0पी0आर0 प्रस्तुत की गयी थी।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पत्र सं0- N-11011/37/2021-HFA-IV-UD (E-9111947) दिनांक 17.08.2022 से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की अवधि 31 मार्च, 2022 से बढ़ाकर 31.12.2024 की गयी है। साथ ही योजनान्तर्गत 31.03.2022 तक स्वीकृत आवासों को फ्रीज कर दिया गया है। उक्त तिथि तक प्रदेश में बी0एल0सी0 घटक में कुल 14,71,010 आवास स्वीकृत थे।

64वीं सीएसएमसी तक बी0एल0सी0 घटक में कुल 13,91,028 आवास स्वीकृत हैं। उक्त के अतिरिक्त नवसृजित निकाय/सीमा विस्तारित क्षेत्र एवं ऑनलाइन आवेदन पत्रों को सम्मिलित करते हुए कुल 17,296 नए आवासों की डी0पी0आर0 का प्रस्ताव एवं 14,072 अपात्रों के करटेलमेन्ट/अभ्यर्पण का प्रस्ताव इस बैठक मे प्रस्तुत है, जिसके उपरान्त कुल स्वीकृत आवासों की संख्या 13,94,252 हो जायेगी। बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत फ्रीज की गयी संख्या 14,71,010 के बराबर स्वीकृत कराये जाने हेतु 76,758 आवास अतिरिक्त स्वीकृत कराये जाने होंगे। उल्लेखनीय है कि जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार लगभग 11 हज़ार अपात्रों का करटेलमेण्ट/अभ्यर्पण एवं लगभग 22 हज़ार नए ऑनलाईन आवासों हेतु आवेदनों का सत्यापन जनपद स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत नवसृजित निकाय/सीमा विस्तारित क्षेत्र एवं ऑनलाइन आवेदन पत्रों से इतर 20 जनपदों की 48 परियोजनाओं में 24,599 नए आवासों की डीपीआर सूडा में प्राप्त हैं, जिसे दिनांक 23.04.2022 को उप-समिति की बैठक में प्रदत्त निर्देशों के उपरान्त SLSMC बैठक में प्रस्तुत नहीं किया गया था।

अतएव उक्त तथ्यों के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत नवसृजित निकाय/सीमा विस्तारित क्षेत्र एवं ऑनलाइन आवेदन पत्रों से इतर 18 जनपदों की 44 परियोजनाओं में 23,543 आवासों की डीपीआर जिलाधिकारी से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र के साथ एवं 02 जनपदों की 04 परियोजनाओं में 1,056 आवासों की डीपीआर, जिनके जिलाधिकारी के प्रमाण पत्र अप्राप्त थे, स्वीकृति हेतु उप-समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

18 जनपदों की 44 परियोजनाओं में 23,543 आवासों की डीपीआर, जिसके प्रमाण पत्र जिलाधिकारी से हस्ताक्षरित हैं, का विवरण निम्नवत् हैः-

| **सीमा विस्तारित क्षेत्र एवं आनलाईन आवेदनों से इतर जिलाधिकारी से हस्ताक्षरित डी0पी0आर0** | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क.सं. | जनपद का नाम | निकाय का नाम | पूर्व में स्वीकृत | प्रस्तावित नए आवास | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | कुल परियोजना लागत | भूकंपीय क्षेत्र (एजेण | वास्तविक भूकंपीय |

| | | | आवास | | | | | | डानुसार) | क्षेत्र/ BCS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | G. B. Nagar | Jahangirpur NP | 252 | 98 | 147.000 | 98.000 | 128.210 | 373.210 | 4 | 4 |
| 2 | Rae Bareli | Lalganj NP | 877 | 282 | 423.000 | 282.000 | 241.660 | 946.660 | 3 | 2&3 |
| 3 | Rae Bareli | Parsadepur NP | 533 | 97 | 145.500 | 97.000 | 83.130 | 325.630 | 3 | 2&3 |
| 4 | Hardoi | Hardoi NPP | 148 | 42 | 63.000 | 42.000 | 35.990 | 140.990 | 3 | 3 |
| 5 | Hardoi | Madhoganj NP | 403 | 250 | 375.000 | 250.000 | 214.240 | 839.240 | 3 | 3 |
| 6 | Hardoi | Mallawan NPP | 1,444 | 289 | 433.500 | 289.000 | 247.670 | 970.170 | 3 | 3 |
| 7 | Prayagraj | Prayagraj NN | 1,261 | 1,025 | 1,537.500 | 1,025.000 | 878.400 | 3,440.900 | 3 | 2&3 |
| 8 | Etawah | BharthanaNPP | 1,076 | 832 | 1,248.000 | 832.000 | 713.010 | 2,793.010 | 3 | 2&3 |
| 9 | Etawah | Ekdil NP | 1,205 | 700 | 1,050.000 | 700.000 | 599.890 | 2,349.890 | 3 | 2&3 |
| 10 | Etawah | Etawah NPP | 1,312 | 2,114 | 3,171.000 | 2,114.000 | 1,811.660 | 7,096.660 | 3 | 2&3 |
| 11 | Etawah | Jaswantnagar NPP | 888 | 957 | 1,435.500 | 957.000 | 820.130 | 3,212.630 | 3 | 2&3 |
| 12 | Etawah | Lakhna NP | 546 | 168 | 252.000 | 168.000 | 143.970 | 563.970 | 3 | 2&3 |
| 13 | Bareilly | Shahi NP | 187 | 592 | 888.000 | 592.000 | 769.600 | 2,249.600 | 4 | 3&4 |
| 14 | Pratapgarh | Katra Medniganj NP | 366 | 105 | 157.500 | 105.000 | 89.980 | 352.480 | 3 | 2&3 |
| 15 | Barabanki | Banki NP | 904 | 755 | 1,132.500 | 755.000 | 647.020 | 2,534.520 | 3 | 3 |
| 16 | Farrukhabad | Kamalganj NP | 220 | 108 | 162.000 | 108.000 | 92.550 | 362.550 | 3 | 3 |
| 17 | Bulandshahar | Bugrasi NP | 2,071 | 633 | 949.500 | 633.000 | 828.130 | 2,410.630 | 4 | 3&4 |
| 18 | Gorakhpur | Barhalganj NP | 1,564 | 469 | 703.500 | 469.000 | 609.700 | 1,782.200 | 4 | 3&4 |
| 19 | Gorakhpur | Gola Bazar NP | 2,022 | 508 | 762.000 | 508.000 | 660.400 | 1,930.400 | 4 | 3&4 |
| 20 | Gorakhpur | SangrampurNP | 3,063 | 1,112 | 1,668.000 | 1,112.000 | 1,445.600 | 4,225.600 | 4 | 3&4 |
| 21 | Bulandshahar | Pahasu NP | 1,711 | 305 | 457.500 | 305.000 | 399.020 | 1,161.520 | 4 | 3&4 |
| 22 | Ghaziabad | Faridnagar NP | 1,643 | 699 | 1,048.500 | 699.000 | 914.480 | 2,661.980 | 4 | 4 |
| 23 | Ghaziabad | Niwari NP | 692 | 85 | 127.500 | 85.000 | 111.200 | 323.700 | 4 | 4 |
| 24 | Kaushambi | Karari NP | 1,118 | 159 | 238.500 | 159.000 | 136.260 | 533.760 | 3 | 2 |
| 25 | Kaushambi | Sarai Aquil NP | 973 | 225 | 337.500 | 225.000 | 192.820 | 755.320 | 3 | 2 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | Prayagraj | Koraon NP | 674 | 190 | 285.000 | 190.000 | 162.830 | 637.830 | 3 | 2&3 |
| 27 | Prayagraj | Prayagraj NN | 1,261 | 567 | 850.500 | 567.000 | 485.910 | 1,903.410 | 3 | 2&3 |
| 28 | Saharanpur | Ambehta NP | 797 | 107 | 160.500 | 107.000 | 139.980 | 407.480 | 4 | 4 |
| 29 | Saharanpur | Nakur NPP | 1,742 | 443 | 664.500 | 443.000 | 579.560 | 1,687.060 | 4 | 4 |
| 30 | Saharanpur | SaharanpurNN | 14,192 | 529 | 793.500 | 529.000 | 692.070 | 2,014.570 | 4 | 4 |
| 31 | Saharanpur | Titron NP | 1,025 | 323 | 484.500 | 323.000 | 422.570 | 1,230.070 | 4 | 4 |
| 32 | Amethi | Jais NPP | 2,429 | 2,010 | 3,015.000 | 2,010.000 | 1,722.530 | 6,747.530 | 3 | 2&3 |
| 33 | Hardoi | Hardoi NPP | 148 | 60 | 90.000 | 60.000 | 51.417 | 201.417 | 3 | 3 |
| 34 | Jalaun | Kadaura NP | 683 | 484 | 726.000 | 484.000 | 633.200 | 1,843.200 | 4 | 2 (BCS) |
| 35 | Jalaun | Kotra NP | 443 | 518 | 777.000 | 518.000 | 677.680 | 1,972.680 | 4 | 2(BCS) |
| 36 | Jalaun | Orai NPP | 8,097 | 2,577 | 3,865.500 | 2,577.000 | 3,371.410 | 9,813.910 | 4 | 2 (BCS) |
| 37 | Jalaun | Rampura NP | 398 | 344 | 516.000 | 344.000 | 450.040 | 1,310.040 | 4 | 2 (BCS) |
| 38 | Ambedkar Nagar | Ashrafpur Kichhauncha | 2,017 | 1,470 | 2,205.000 | 1,470.000 | 1,259.760 | 4,934.760 | 3 | 3 |
| 39 | Ambedkar Nagar | Iltifatganj Bazar NP | 1,007 | 197 | 295.500 | 197.000 | 168.830 | 661.330 | 3 | 3 |
| 40 | Etawah | Bakewar NP | 565 | 288 | 432.000 | 288.000 | 246.810 | 966.810 | 3 | 2&3 |
| 41 | Prayagraj | Prayagraj NN | 1,261 | 149 | 223.500 | 149.000 | 127.690 | 500.190 | 3 | 2&3 |
| 42 | Hapur | Babugarh NP | 80 | 14 | 21.000 | 14.000 | 18.320 | 53.320 | 4 | 4 |
| 43 | Hapur | Garhmukteshwar NPP | 1,934 | 412 | 618.000 | 412.000 | 539.010 | 1,569.010 | 4 | 4 |
| 44 | Hapur | Pilkhuwa NPP | 567 | 252 | 378.000 | 252.000 | 329.680 | 959.680 | 4 | 4 |
| **Total** | | | | 23,543 | 35,314.500 | 23,543.000 | 24,894.017 | 83,751.517 | | |

उक्त तालिका के अनुसार जनपद हापुड की न0पं0 बाबूगढ़ में 14 आवासों की डीपीआर प्रस्तावित है एवं पूर्व में स्वीकृत 80 आवासों को सम्मिलित कर कुल स्वीकृत आवासों की संख्या 94 होगी, जोकि 250 से कम है। इस सम्बन्ध मे अवगत कराया गया कि उक्त नगर पंचायत के छोटी होने के कारण यहाँ प्रस्तावित आवासों की संख्या 250 से कम है। इसके अतिरिक्त सभी निकायों में पूर्व में स्वीकृत एवं वर्तमान में प्रस्तावित आवासों को सम्मिलित कर कुल स्वीकृत आवासों की संख्या 250 या उससे अधिक है।

उक्त सभी परियोजनाओं में भूकम्पीय क्षेत्र के सम्बन्ध में परीक्षण किया गया, जिसमें

पाया गया कि जनपद-रायबरेली, प्रयागराज, इटावा, बरेली, प्रतापगढ़, बुलन्दशहर, गोरखपुर, कौशाम्बी, अमेठी व जालौन की डीपीआर में दर्शाये गये भूकंपीय क्षेत्र वास्तविक भूकंपीय क्षेत्र से भिन्न हैं। उल्लेखनीय है कि योजनान्तर्गत भूकंपीय क्षेत्र 2 व 3 में निर्मित होने वाले आवासों की लागत मूल्य (costing value) समान है तथा जोन-4 व Black Cotton Soil वाले क्षेत्रों में निर्मित होने वाले आवासों की लागत मूल्य समान है। उक्त के दृष्टिगत भिन्नता वाले जनपदों में से किसी भी जनपद की परियोजनाओं की डी0पी0आर0 में भूकम्पीय क्षेत्र गलत दर्शाये जाने के कारण परियोजना लागत में कोई अन्तर नहीं पाया गया है। **जिस पर समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि ऐसे सभी प्रकरणों में जहां भूकम्पीय क्षेत्र गलत दर्शाये गये हैं, उन सभी परियोजनाओं के सम्बन्धित डी0पी0आर0 कन्सलटेन्ट के विरूद्ध कार्यवाही की जायं। साथ ही ऐसे प्रकरण, जिनमें भूकंपीय क्षेत्र गलत होने के कारण परियोजना की लागत में कोई अन्तर आता है, तो सम्बनिधत डी0पी0आर0 कन्सलटेन्ट के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये।**

(Source:https://www.researchgate.net/publication/265337167_Uttar_Pradesh_State_Disaster_Management_Plan_for_Earthquake;https://hamirpuronline.blogspot.com/2015/04/soil-types-in-hamirpur.html?m=1)

उक्त परियोजनाओं की कुल लागत रू0 83,751.517 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रू0 35,314 50 लाख, राज्यांश रू0 23,543 00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रू0 24,894.017 लाख है।

अतः उप-समिति विचारोपरान्त उपरोक्त 18 जनपदों की 44 परियोजनाओं में 23,543 आवासों की डीपीआर, जिसके प्रमाण पत्र जिलाधिकारी से हस्ताक्षरित हैं, को एस0एल0एस0एम0सी0 के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही निर्देश दिये गये कि अधिकतम संख्या वाली परियोजनाओं की डीपीआर के लाभार्थियों की पात्रता की रैण्डम जांच सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, डूडा से कराते हुए फोटोग्राफ सहित आख्या के साथ एसएलएसएमसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

उप-समिति द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में उपरोक्त परियोजनाओं में से अधिकतम संख्या वाली 04 परियोजनाओं में लाभार्थियों की पात्रता की रैण्डम जांच सम्बन्धित परियोजना अधिकारी एवं सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर से करायी गयी है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | जनपद | निकाय | प्रस्तावित आवास | रैण्डम निरीक्षण किये गये आवास | आख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जालौन | न0पा0परि0 उरई | 2,577 | 20 | सभी आवेदक पात्र पाए गए। |
| 2 | इटावा | न0पा0प0 इटावा | 2,114 | 24 | सभी आवेदक पात्र पाए गए। |
| 3 | अमेठी | न0पा0प0 जायस | 2,010 | 31 | सभी आवेदक पात्र |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | पाए गए। |
| 4 | अम्बेडकर नगर | न0 पं0 अशरफपुर किछौछा | 1,470 | 10 | सभी आवेदक पात्र पाए गए। |

प्राप्त जांच आख्याओं के अनुसार जनपद जालौन, इटावा, अमेठी एवं अम्बेडकर नगर में रैण्डम जांच में सभी आवेदक पात्र पाये गये।

अतः समिति द्वारा विचारोपरान्त 44 परियोजनाओं में 23543 नये आवासों हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

<u>नोटः-</u>

उप-समिति द्वारा उपरोक्तानुसार Curtailment/अभ्यर्पण एवं नए आवासों के अनुमोदनोपरान्त प्रदेश में बी0 एल 0 सी0 घटक के अन्तर्गत कुल आवासों की संख्या 14,17,795 हो जाएगी।

| | |
|---|---|
| **SLSMC द्वारा दिनांक 07.11.2022 तक स्वीकृत आवास (अ)** | 13,91,028 |
| SLSMC के समक्ष प्रस्तुत Curtailment /अभ्यर्पण (ब) (दिनांक 07.11.2022 से अब तक प्राप्त) | 14,072 |
| SLSMC के समक्ष प्रस्तुत नए आवासों की डीपीआर (स) (दिनांक 07.11.2022 से अब तक प्राप्त) | 17,296 |
| **SLSMC के अनुमोदनोपरान्त स्वीकृत आवासों की संख्या (अ-ब+स)** | 13,94,252 |
| SLSMC के समक्ष प्रस्तुत नव सृजित निकायों, सीमा विस्तारित क्षेत्रों एवं आनलाईन आवेदनों के अतिरिक्त प्राप्त अन्य डी0 पी0 आर 0 (ड) | 23,543 |
| **SLSMC के अनुमोदनोपरान्त स्वीकृत आवासों की संख्या (अ-ब+स+ड)** | 14,17,795 |
| फ्रीज की गयी संख्या 14,71,010 के बराबर स्वीकृति हेतु स्वीकृत कराये जाने वाले आवासों की संख्या | 53,215 |

**1.5 प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के भागीदारी में किफायती आवास (AHP) घटक के अन्तर्गत स्वीकृत 02 परियोजनाओं में केन्द्रांश की आगामी किश्त प्राप्त करने हेतु थर्ड पार्टी क्वालिटी मॉनिटरिंग की रिपोर्ट के सापेक्ष तैयार की गयी Action Taken Report की स्वीकृति।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के भागीदारी में किफायती आवास (AHP) घटक के अन्तर्गत प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा निजी विकासकर्ता मै0 इन्नोवेटर्स डिजिटल ऐड्स प्रा0 लि0 की 36वी सीएसएमसी में स्वीकृत 01 परियोजना एवं वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा 39वी सीएसएमसी में स्वीकृत 01 परियोजना में भारत सरकार से आगामी किश्त प्राप्त करने हेतु थर्ड पार्टी क्वालिटी मॉनिटरिंग की रिपोर्ट (TPQMA) पर की गयी कार्यवाही (Action Taken Report) की उपाध्यक्ष, सम्बन्धित विकास प्राधिकरण के हस्ताक्षरोपरान्त प्राप्त आख्या उप-समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी,

जिनका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | प्राधिकरण का नाम | सीएसएमसी की सं0 एवं तिथि | परियोजना का नाम | आवासों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज विकास प्राधिकरण (मै0 इन्नोवेटर्स डिजिटल ऐड्स प्रा0 लि0) | 36 वी/24.07.2018 | यमुना इन्क्लेव | 141 |
| 2 | वाराणसी विकास प्राधिकरण | 39 वी/30.10.2018 | ग्राम कुरहुआ | 250 |

उक्त प्रस्ताव पर उप-समिति द्वारा दिनांक 06.01.2023 की बैठक में विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की गयी।

अतः समिति द्वारा विचारोपरान्त टी0 पी0 क्यू0 एम 0 रिपोर्ट के सापेक्ष उप-समिति द्वारा अनुमोदित उपरोक्त 02 परियोजनाओं की ए 0 टी0 आर 0 हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**1.6 प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) घटक के अन्तर्गत स्वीकृत 360 परियोजनाओं में केन्द्रांश की आगामी किश्त प्राप्त करने हेतु थर्ड पार्टी क्वालिटी मॉनिटरिंग की रिपोर्ट के सापेक्ष तैयार की गयी Action Taken Report की स्वीकृति।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के अन्तर्गत 33 वी से 50 वी सीएसएमसी तक स्वीकृत 360 परियोजनाओं में TPQMA की द्वितीय विजिट की रिपोर्ट में दर्शायी गयी कमियों के सापेक्ष तैयार की गयी 360 परियोजनाओं की Action Taken Report (ATR) उप-समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

उक्त प्रस्ताव पर उप-समिति द्वारा दिनांक 06.01.2023 की बैठक में विचारोपरान्त 360 परियोजनाओं की ए 0 टी0 आर 0 भारत सरकार से आगामी (तृतीय) किश्त प्राप्त किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

अतः समिति द्वारा विचारोपरान्त टी0 पी0 क्यू0 एम 0 रिपोर्ट के सापेक्ष उप-समिति द्वारा अनुमोदित 360 परियोजनाओं की ए 0 टी0 आर 0 हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**<u>एजेण्डा-02:-भागीदारी में किफायती आवास घटक की 04 परियोजनाओं के संशोधित अनुलग्नक-7 बी के अनुमोदन पर विचार।</u>**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत भागीदारी में किफायती आवास घटक की स्वीकृत परियोजनाओं में से 04 परियोजनाओं में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा आवासों का आवंटन किया गया है, जिस हेतु परियोजनाओं में आवंटन के अनुसार जाति एवं लिंग के विवरण को संशोधित कर परियोजनाओं हेतु अनुलग्नक-7 बी उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराते हुए एमआईएस पोर्टल पर विवरण अपडेट कराने का अनुरोध किया गया है, जिसके आधार पर एम 0 आई 0 एस 0 पोर्टल पर निम्नलिखित परियोजनाओं के

अनुलग्नक-7 बी में संशोधन किया जाना है:-

| क्र. सं. | अभिकरण का नाम | जनपद | परियोजना का नाम | स्वीकृत आवास | आवंटित आवास | सीएसएमसी सं. व दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गाजियाबाद वि0 प्रा0 (मै0 जय अम्बे एस्टेट प्रा.लि.) | गाजियाबाद | जगदीशपुरम | 147 | 147 | 39 वी/ 30.10.2018 |
| 2 | गाजियाबाद वि0 प्रा0 (मै0 अजनारा इण्डिया लि0) | गाजियाबाद | अजनारा | 318 | 155 | 39 वी/ 30.10.2018 |
| 3 | गाजियाबाद वि0 प्रा0 (मै0 एन्थम यश कीर्ति प्रा.लि.) | गाजियाबाद | ओजोन क्लासिक, ग्राम नूरनगर व ग्राम सादिक | 333 | 40 | 42 वी/ 30.01.2019 |
| 4 | गाजियाबाद वि0 प्रा0 (मै0 ए.टी.एस. ग्रैंड रियल्टर) | गाजियाबाद | ग्राम रसूलपुर, सीक रोड | 789 | 779 | 39 वी/ 30.10.2018 |

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि परियोजनाओं की स्वीकृति के समय लाभार्थियों का चयन अनिवार्य न होने के कारण पोर्टल पर प्रोजेक्ट क्रिएशन के समय समस्त आवासों को सामान्य श्रेणी में दर्शाया जाता है। भागीदारी में किफायती आवास घटक में आवास आवंटन शासनादेश सं0-1022/ आठ-1-18-93 विविध/2018 दिनांक 11 जुलाई, 2018 में उल्लिखित वरीयता नीति के अनुसार किया जाता है। उपरोक्तानुसार पोर्टल पर अंकित परियोजनाओं के श्रेणीवार विवरण में आवंटित आवासों के आधार पर संशोधन किया जाना आवश्यक है। उक्त प्रस्ताव उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के हस्ताक्षरोपरान्त प्राप्त हुए हैं।

अतः समिति द्वारा विचारोपरान्त उपरोक्तानुसार संशोधित एनेक्जर-7 बी की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही निर्देश दिये गये कि भविष्य में एनेक्जर-7 बी के संशोधन का प्रस्ताव जातिवार एवं लिंगवार ब्रेकअप के साथ प्रस्तुत किया जाय।

**एजेण्डा-03:- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थियों के एम0आई0एस0 पोर्टल पर अटैचमेन्ट में संशोधन किये जाने हेतु अनुमोदन पर विचार।**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत भारत सरकार के एम0आई0एस0 पोर्टल पर लाभार्थियों के अटैचमेन्ट के समय की गयी प्रविष्टियों में संशोधन किया जाना है। उक्त में बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत 03 जनपद के 04 लाभार्थियों का श्रेणी (caste) तथा 08

जनपदों के 25 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट अन्य परियोजनाओं में हो जाने के कारण कुल 09 जनपदों में 29 लाभार्थियों के अटैचमेन्ट में संशोधन हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत है।

ए0एच0पी0 घटक में जनपद मेरठ के 49 लाभार्थियों के जनपद/पता, 10 लाभार्थियों में पिता का नाम, 01 लाभार्थी की श्रेणी (caste) कुल 60 लाभार्थियों के अटैचमेन्ट में संशोधन किया जाना है। जनपद मुरादाबाद में 04 लाभार्थियों में पिता का नाम तथा 12 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट अन्य परियोजनाओं में हो जाने के कारण कुल 16 लाभार्थियों के अटैचमेन्ट में संशोधन किया जाना है एवं 72 लाभार्थियों का आवंटन निरस्त किया गया है, जिनका अटैचमेन्ट पोर्टल से हटाया जाना है। जनपद वाराणसी में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 608 आवासों की सांई सिटी परियोजना में कास्ट / जेन्डर मॉडिफिकेशन किया जाना है।

अतः समिति द्वारा विचारोपरान्त उपरोक्तानुसार लाभार्थियों के अटेचमेन्ट में संशोधन/ मॉडिफिकेशन हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

Signed by अमृत अभिजात
Date: 17-01-2023 13:12:42
Reason: Approved

(अमृत अभिजात)
प्रमुख सचिव।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग**
**संख्याः-53/69-1-2023-14(235)/2015**
**लखनऊः दिनांकः 17 जनवरी, 2023**
**कार्यालय-आदेश**

**उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही हैः-**

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. संयुक्त सचिव,आवासन एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार।
4. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,

उ0प्र0 शासन।

8. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।

9. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन।

10. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

11. निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।

12. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0।

13. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश।

14. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश।

15. संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बैंक ऑफ बड़ौदा।

16. गार्ड बुक।

17/01/2023

(अनिल कुमार)

विशेष सचिव